


## एक नजर में

### कावड़यात्रियों का जत्था उज्जैन रवाना

**पड़ाना 26 जुलाई, सं.** श्रावण मास में समीप ग्राम रामपुरिया खेड़ा से कांवड़यात्रियों का एक जत्था उज्जैन के लिए रवाना हुआ. कांवड़यात्रियों का ग्रामीणजनों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया. इस दौरान जीतू चौधरी, पवन जाट, भैरव सिंह, मनोज जाट, लखन जाट, सत्यनारायण, अनोखी लाल, अमृतलाल, रमेश चंद्र अनुज कुमार दामोदर प्रसाद भोलाराम लखन सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे.

### लापता दो युवतियों की तलाश में जुटी पुलिस

**जीरापुर 26 जुलाई, सं.** थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग गांव से दो नाबालिग युवतियों के लापता होने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है. पुलिस के अनुसार ग्राम शेरपुरा थाना कालापीपल जिला शाजापुर हाल मुकाम मुंदडा कॉलोनी जीरापुर में रहने वाले फरियादी ने पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी नाबालिग भानेज घर पर थी जो बीती रात घर से कहीं चली गई. संदेह के तौर पर अज्ञात युवक पर बहला फुसलाकर ले जाने की बात कही है. एक अन्य मामले में ग्राम मेनाखेडी निवासी फरियादी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी लड़की घर से बिना बताए कही चली गई, इनके द्वारा भी किसी के द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने का संदेह जताया है. पुलिस ने दोनों मामलों में शिकायत दर्ज करने के बाद युवतियों की तलाश शुरू कर दी है.


**मकान बेचना हैं**

राजगढ़ रोड़ पर फलौदी ट्रांसपोर्ट के सामने करीब एक हजार वर्गफिट प्लॉट पर बना दो मंजिला मकान बेचना है. शीघ्र संपर्क करें. मोबा. 8109265005

**बिल 30 जुलाई तक**


# अपनों से प्रेम रखना और उन्हें आगे बढ़ाना उनका स्वभाव था !

**गोविन्द बड़ोने**

**ब्यावरा 26 जुलाई, का. प्रभात झा देश के चुनिंदा उन राजनेताओं में शामिल थे जो अपने संपर्को, संबंधों और व्यवहार को निभाने के लिये जाने जाते थे. मप्र के हर कस्बे, नगर, शहर में उनके चाहने वाले, शुभचिंतक अथवा उनके प्रति अनुराग रखने वाले थे. वे सभी से समय की सुविधानुसार पत्र, फोन, व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से सदैव जुड़े रहते थे. उनका भाजपा के आम कार्यकर्ताओं अथावा नेताओं के प्रति जो प्रेम था वही अपनी बिरादरी वाले पत्रकारों के प्रति भी देखने को मिलता था.**

श्री प्रभात झा जितने एक लेखक की भांति हृदय से कोमल थे उतने ही वे ज्वलंत मुद्दों, राष्ट्रीय भावनाओं से जुड़े विचारों अथवा बिगड़ैल सामाजिक, प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर प्रहार करने के लिये कठोर भी रहे. राजनीति में आने वाले प्रभात झा के मूल में बैठा पत्रकार कई बार जाग जाया करता था. वे कभी शासन प्रशासन की बदहाली, सरकार की नीतियों पर मुखर हो जाते थे तो कभी अव्यवस्थाओं को लेकर नाराज हो जाते थे. वे रचनात्मक सोच की राजनीति के ऐसे 'प्रभात' थे जिनका उदय मध्यप्रदेश ही नहीं राष्ट्र को अलोकित करने के लिए हुआ था. वे अपनी सार्मथ्य अनुसार समाज, सिस्टम, राजनीति से बुराईयों को अस्त करने की सोच रखते थे.

संगठन कैसे गढ़ा जाता है, कार्यकर्ताओं की मेहनत क्या होती है. कार्यकर्ताओं का सम्मान कैसे होता है. वे यह बात काफी करीब से जानते थे. अपने पुराने पार्टी कार्यकर्ताओं, पत्रकार साथियों के प्रति सदैव अनुराग रखना, उनके सुख दुख में शामिल होना उनके स्वभाव में था.

अपने से जुड़े पत्रकार हो या कार्यकर्ता हो सभी को सम्मान देन में उनका कोई सानी नहीं था.

मैंरा परिचय उनसे 30 वर्ष पूर्व 1994 के लोकसभा के उपचुनाव के समय हुआ था. उस समय वे भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी थे. इस उपचुनाव में उन्होंने न केवल मीडिया का बल्कि पार्टी के अन्य जवाबदारी भरे कार्य को संभाला था. उस समय वे करीब 15-20 दिनों तक स्थायी रूप से ब्यावरा रहे थे. इसके बाद उनसे मैंरा लगातार संपर्क बना रहा.



वरिष्ठ भाजपा नेता प्रभात झा का अवासान

मैं जब भी भोपाल नवभारत कार्यालय में जाता तो प्रभात जी से मिलने भाजपा कार्यालय जरूर जाता था. प्रभात जी न केवल स्वयं आत्मीयता से मिलते थे बल्कि कार्यालय में मौजूद वरिष्ठ नेताओं कुशाभाऊ ठाकरे, प्यारेलाल खण्डेलवाल, सुंदरलाल पटवा, कैलाश जोशी जैसे नेताओं से आगे रहकर मिलवाते थे और मैंरा परिचय ऐसे देते थे जैसे मैं कोई वरिष्ठ पत्रकार हूं.

अपने से जुड़े व्यक्ति को कैसे अधिक सम्मान मिले इसके कई उदाहरणों का मैं साक्षी रहा हूं. वर्ष 2010 में जब प्रभात जी भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बने तो मैं कुछ दिनों बाद उनसे मिलने बीजेपी कार्यालय भोपाल गया. दोपहर के समय कुछ मिनिट बात होने के बाद जब मैं लौटने लगा तो उन्होंने मुझे वहीं रोका और कहा कि नवभारत के मालिक श्री प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी का मालूम करों कि वे बंगले पर है या ऑफिस में. मैने पता करके बताया कि वे बंगले पर है. उन्होंने मुझे अपनी कार में बैठाया और श्री माहेश्वरी से मिलने उनके बंगले पर लेकर चल दिये. श्री झा ने श्री प्रफुल्ल माहेश्वरी जी से करीब 30 मिनिट बात की और वे मुझे लेकर वापस भाजपा कार्यालय आ गए.

वे चाहते तो श्री माहेश्वरी से मिलने कभी भी जा सकते थे लेकिन उन्होंने मुझे साथ ले जाकर मैंरा सम्मान बढ़ाने का प्रयास किया.

इसी प्रकार मार्च 2011 की बात है, मैंने उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्म दिवस पर एक विशेष परिशिष्ट प्रकाशित किया था. मैं संयोग से भोपाल श्री झा से मिलने भोपाल गया और उन्हें मुख्यमंत्री के जन्म दिन पर प्रकाशित परिशिष्ट की प्रति दिखाई तो वे बड़े प्रसन्न हुए. उन्होंने मुझसे पूछा कि इसे शिवराज जी को दिखाई कि नहीं. मैंने कहा अखबार सीएम हाऊस पहुंच गया होगा और शायद उन्होंने देख भी लिया होगा. इसके बाद उन्होंने अपने पीए राकेश सिंह से मालूम कराया कि शिवराज जी कहा है. उनके सीएम हाऊस होने की जानकारी लगते ही उन्होंने मुझे अपनी कार में बैठाया और वे मुझे सीएम हाऊस ले गये और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलवाया. इसी प्रकार शिवराज सिंह चौहान द्वारा निकाली गई जनदर्शन यात्रा में उन्होंने मुझे राजगढ़ जिले की सीमा में प्रवेश करने के साथ ही माचलपुर से ब्यावरा तक उनके रथ में बिठवाया और सीएम श्री चौहान का साक्षात्कार दिलवाया. इस प्रकार श्री झा अपने परिचितों, मित्रों की पूरी चिंता करते थे.

इसके बाद भी कई मर्तबा उन्होंने दिल्ली में, भोपाल में अथवा राजगढ़ जिले में आगमन पर मिलने, मिलाने की पूरी चिंता की.उनका यह व्यक्तित्व यह बताता था कि वे अपनों से जुड़े लोगो को दिल से चाहते थे और उनका कैसे समाज में अधिक सम्मान हो इसकी चिंता करते थे. वे नवभारत के पितृ पुरूष स्व. श्री रामगोपाल माहेश्वरी की पुण्यतिथि पर आयोजित वैचारिक आयोजन में भी 2004 में शामिल होने दिल्ली से ब्यावरा आए थे. कई अवसरों पर उनका ब्यावरा आना हुआ. उनका प्रेम पाना बड़ा शौभाग्यशाली था. उनसे कई बार संवाद-विवाद, हंसी-मजाक, ठिठोली हुआ करती थी. वे छोटे भाई की तरह प्रेम करते थे. उनका जाना भाजपा के लिये, समाज के लिये और निजी तौर पर हमारे लिये ऐसी क्षति है जिसकी पूर्ति संभव नहीं है. उन्हें विनम्र श्रृदांजलि अर्पित है.

# रेफर करने की बजाय यहीं कराया जाये प्रसव

## गर्भवती महिलाओं को रेफर करने की समस्या पर जिला चिकित्सालय पहुंचे विधायक, कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 26 जुलाई, का.** स्थानीय जिला चिकित्सालय में बीते डेढ़ माह से गर्भवती महिलाओं के ऑपरेशन नहीं होने तथा उन्हें रेफर करने की समस्या को लेकर शुक्रवार को विधायक एवं कलेक्टर जिला चिकित्सालय पहुंचे तथा सिविल सर्जन को रेफर नहीं कर यहीं पर प्रसव कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया.

गर्भवती महिलाओं के सीजर के मामले में शुक्रवार को विधायक अमर सिंह यादव और जिला कलेक्टर हर्ष दीक्षित ट्रामा सेंटर पहुंचे. सिविल सर्जन को गर्भवती महिलाओं को रेफर करने के बजाय यहीं पर प्रसव करवाने के निर्देश दिए. साथ ही जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं, मरीजों की सुविधाओं, पर्याप्त दवाईयों के प्रबंध की जानकारी ली.



### डेढ़ माह से नहीं हो रहे ऑपरेशन

जून व जुलाई माह में जिला चिकित्सालय से करीब 150 गर्भवती महिलाओं को रेफर किया गया. अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि अस्पताल के मुख्य ऑपरेशन थियेटर का एसी की आउटर यूनिट का कॉपर पाइप चोरी होने के कारण ऑपरेशन बंद है.

### मैं हर संभव सहयोग के लिए तत्पर

विधायक श्री यादव ने सिविल सर्जन से कहा जल्द से जल्द ऑपरेशन शुरू करें. व्यवस्था करने में मेरी और से, शासन स्तर पर जो भी सहयोग चाहिए उसके लिए मैं हर संभव खड़ा हूं. जो भी व्यवस्था में परिवर्तन चाहिए मुझे बताए. ओटी का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति को देखा. कलेक्टर ने सिविल सर्जन डा रजनीश शर्मा को एनिस्थिसिया की हर समय उपस्थिति के लिए कहा ताकि सीजर में विलम्ब न हो. इसके लिए रोगी कल्याण समिति और रेड क्रॉस से व्यवस्था जुटाने की बात कही. सविल सर्जन ने बताया की एसी का पार्ट्स नहीं मिल पा रहा है, नया एसी 10 से 13 दिन में लग जायेगा. चिकित्सक एवं अनिस्थिसिया की व्यवस्था भी ठीक कर ली जाएगी.

---

ओटी का एसी चालू नहीं होता है जब तक सिविल हॉस्पिटल में सीजर करवाने संबंधी निर्देश दिए गये है. हर समय अनिस्थिसिया की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये इसके भी निर्देश दिए गये है.

**हर्ष दीक्षित**
**कलेक्टर, राजगढ़**

---

क्षेत्र के लोगों को हर हाल में सुगमता के साथ बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिए मैं पूरी तरह से संकल्पित हूं. मैं अस्पताल प्रबंधन से सतत् संपर्क करते हुए यहां ऑपरेशन शुरू करने हेतु प्रयासरत् रहूंगा.

**अमर सिंह यादव**
**विधायक राजगढ़**

# पार्षदों ने अध्यक्ष की कार्य प्रणाली पर उठाए सवाल

**नवभारत न्यूज**

**खिलचीपुर 26 जुलाई, सं.** खिलचीपुर नगर परिषद के पार्षदों ने प्रेस वार्ता करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा है कि जनहितैषी कार्यो को नजर अंदाज किया जा रहा है.

नगर में कई जन हितैषी कार्यों को प्राथमिकता न देते हुए स्वयं के हितकारी कार्यो पर ध्यान दिया जा रहा है. नपाध्यक्ष पर आरोप लगाया कि नगर के विभिन्न वार्डों के जनहितैषी कार्यों को प्राथमिकता न देते हुए पद का दुरुपयोग कर अपने स्वार्थ की पूर्ति हेतु कार्य किए जा रहे है.

नगर के 15 ही वार्डों में सार्वजनिक निर्माण कार्य जो कि संबंधित वार्ड के पार्षद द्वारा बताए गए है को क्रियान्वित ना करते हुए अपने हित के कार्य कर रहे है.

वार्ड 10 में दुर्गा कॉलोनी के नाम से 40 लाख 8 हजार 647 रूपये की सीसी रोड पीआईसी की बैठक में स्वीकृत किया. जिसके टेंडर भी लग चुके है, अति शीघ्र कार्य होने की कगार पर है जबकि नगर में लोगों से पूछा जाए कि दुर्गा कॉलोनी कहां है तो शायद बता पाने में लोग असमर्थ रहेंगे. अध्यक्ष और सीएमओ हमारे प्रस्तावों पर गौर न कर अध्यक्ष के हित के कार्यों को करते है. हम पार्षद अध्यक्ष की कार्यप्रणाली का विरोध करते है. अध्यक्ष अपनी कार्य प्रणाली में सुधार करें नहीं तो पुनः नगर परिषद में मध्यावधि में अध्यक्ष बदलने की प्रक्रिया शुरू करने पर मजबूर होना पड़ेगा. प्रेस वार्ता के दौरान पार्षद संदीप शर्मा, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बंटी शर्मा, राकेश जायसवाल, शंभू मेवाड़े,ओम गुप्ता, राकेश जावा, दौलत मालाकार, डूंगर सिंह कुशवाह, ताहिर भाई सहित पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधि उपस्थित रहे.


# नदी में बहे ग्रामीण को बचाने लगा दी छलांग

## घुरेल नदी की पुलिया पार करते हुए बह गया था ग्रामीण

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 26 जुलाई, का.** तेज बारिश के चलते घुरेल धाम के सामने से गुजर रही घोड़ापछाड़ नदी उफान पर आ गई.शुक्रवार को दोपहर के समय नदी की पुलिया को पार करने की कोशिश कर रहा एक ग्रामीण संतुलन बिगड़ने से नदी के तेज बहाव में बह गया. सौभाग्य से दो-तीन ग्रामीणों ने साहस दिखाया और नदी में कूदकर ग्रामीण को सकुशल बाहर निकाल लिया.

जानकारी के अनुसार ग्राम टोंका निवासी एक ग्रामीण द्वारा जब पुलिया पर पानी के बीच से होकर आना चाहा तो संतुलन बिगड़ गया और पानी का तेज बहाव ग्रामीण को अपने साथ बहा ले गया. मौके पर मौजूद ग्राम टोंका के ही दो-तीन ग्रामीणों ने उफनती नदी में छलांग लगा दी और काफी मशक्कत के साथ ग्रामीण को खींचते हुए नदी के पार ले आये. पंडित बद्रीप्रसाद महाराज के अनुसार टोंका निवासी 55 वर्षीय गुलाब पिता भीमा उम्र 55 वर्ष गांव से ब्यावरा तरफ आ रहे थे कि संतुलन बिगड़ने से वह पानी में बह गया जिसे मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने साहस का परिचय देते हुए उफनती नदी से बाहर सुरक्षित निकाल लिया गया. ग्रामीणों के साहस की लोगों द्वारा काफी प्रशंसा की जा रही है. मौके पर मौजूद ग्राम गिंदोरहाट निवासी युवा राकेश प्रजापति व अन्य प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि संतुलन बिगड़ने से ग्रामीण को पानी का तेज बहाव बहा ले गया उन्हीं के गांव के दो-तीन ग्रामीणों ने साहस दिखाया और उन्होंने पानी में कूदकर ग्रामीण को सकुशल सुरक्षित बाहर निकाल लिया.



### सुरक्षा के होना चाहिए प्रबंध

बारिश के दौरान जिन नदी, नालो के रपटे, पुलिया पर पानी आ जाता है ऐसे स्थानों को चिन्हित कर इन पर पानी होने की दशा में यहां सुरक्षात्मक तौर पर व्यवस्था की जाना चाहिए ताकि किसी अनहोनी को रोका जा सके.

# हमले के विरोध में लामबंद हुए पटवारी

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 26 जुलाई, का.** गुरुवार को सीमांकन करने पहुंची राजस्व की टीम पर हमला करने की घटना में आरआई घायल हो गये थे. इस घटना के विरोध में शुक्रवार को प्रांतीय पटवारी संघ के आव्हान पर जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करने तथा शासकीय कार्य में बाधा वाली धारा एफआईआर में बढ़ाने की मांग की.

ज्ञापन में कहा गया कि हमले में सीमांकन करने पहुंचे आरआई राजेन्द्र सुमन को गंभीर चोट आई है. टीम के वाहन क्षतिग्रस्त कर दिए गये. घटना के इतने समय बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है. शासकीय कार्य में बाधा वाली धारा तक नहीं लगाई है. साथ ही 22 जून 2024 को खुजनेर तहसील के ग्राम बाईहेड़ा में भी सीमांकन के दौरान हल्का पटवारी के साथ अभद्र व्यवहार कर जान से मारने की धमकी दी. इस घटना के आरोपी भी आज दिनांक तक नही पकड़ाए है. ज्ञापन में कहा गया है कि सीमांकन एवं अतिक्रमण हटाने के दौरान राजस्व दल को सुरक्षा प्रदान की जाना चाहिए. इस अवसर पर जिले भर से आये पटवारी मौजूद रहे.




**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**

B.ed अतिरिक्त चरण

प्रवेश प्रारंभ - 2024-25

योग्यता :- स्नातक/स्नातकोत्तर

OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

कॉलेज कोड - 384

ऑनलाईन पंजीयन एवं शिक्षण संस्थान का चयन 11/07/24 से 15/07/24 तक

हेल्प सेंटर पर दस्तावेज सत्यापन 11/07/24 से 16/07/24

सीट आवंटन 25/07/24

आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश हेतु शुल्क रसीद मूल TC/माईगेशन, गेप 25/07/24 से 30/07/24 तक

नोट- त्रुटिपूर्ण दस्तावेज हेतु निकट के हेल्प सेंटर में दिनांक 11.07.2024 से 18.07.2024 तक स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन कराये

संपर्क - 9340135607, 9826197054 7803874337, 9425021625,

Ad. NH-46 Bhopal By Pass Road Biaora, Rajgarh

12 जुलाई से -12 अगस्त 2024



लेट्रींग जाने पर दर्द, जलन होना, खून आना, गठाने आना ही

**बवासीर पाईल्स हैं**

एल .एन .मेडिकल कॉलेज बीएएमएस डॉ .ए .के .सोनी से मिले

आयूर्वेदिक दवाई नहीं देते हैं

बीना ऑपरेशन, एक बार ईलाज दस मीनीट में सिर्फ दवाई लगाने से बिल्कुल ठीक

सेकडों महिला पुरूष वर्षो से ठीक हैं

तुरंत घर वापसी न परहेज न आराम करना

मो. - 9981885388

02 जुलाई से 02 अगस्त 2024


**निरीक्षण** — रेल प्रबंधक ने किया ब्यावरा रेलवे स्टेशन का सघन निरीक्षण

# रेल प्रबंधक ने जाना यात्री सुविधा का हाल

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 26 जुलाई, का. भोपाल मंडल रेल प्रबंधक के द्वारा शुक्रवार को जिले के ब्यावरा रेलवे स्टेशन का सघन निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं सहित र स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.**

भोपाल मंडल के रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने ग्वालियर-मक्सी रेल खंड और अमृत स्टेशन योजना के तहत पुन विकसित हो रहे ब्यावरा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए यहां जारी निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली. रेल प्रबंधक ने स्टेशन पर उपलब्ध यात्री के लिए व्याप्त सुविधाओं, खानपान के स्तर को परखा, आरक्षण एवं बुकिंग कार्यालयों, यात्री प्रतीक्षालयों, प्लेटफॉर्म तथा फुट ओवर ब्रिज का निरीक्षण कर कार्य क्षमता का आंकलन किया. स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यो की संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए कार्य प्रगति की समीक्षा की.

### ट्रेक की नियमित जांच, मरम्मत पर निगरानी रखें

रेल प्रबंधक द्वारा निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से मानसून के मौसम में सुरक्षा उपायों पर जोर देते हुए ग्वालियर से मक्सी सेक्शन के बीच ट्रैक पर विभिन्न घुमावदार स्थलों का निरीक्षण किया तथा घुमावदार स्थानों पर ट्रैक की सुरक्षा और संरक्षा की स्थिति का गहन अध्ययन करते हुए इन स्थानों पर नियमित निगरानी और आवश्यक मरम्मत कार्य सुनिश्चित किए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए गये. विभिन्न सुरक्षा उपायों की समीक्षा की. निर्देश दिए कि ट्रैक की नियमित जांच और मरम्मत सुनिश्चित की जाये ताकि बारिश में किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना को रोका जा सके. स्टेशन पर स्वच्छता और यात्री सुविधाओं में सुधार के निर्देश दिए. इस दौरान वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) रिजुराज शर्मा, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर दिनेश कलामे, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) संजय मनोरिया, मंडल इंजीनियर (पश्चिम) के.के. निगम,मंडल वाणिज्य प्रबंधक (गुड्स) प्रमोद कुमार तिवारी, सहायक मंडल परिचालन प्रबंधक अलोक अग्रवाल, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी श्री यादव सहित अधिकारी व पर्यवेक्षक, कर्मचारी उपस्थित रहे.




**कार्यालय नगर परिषद पचोर जिला राजगढ़ (ब्यावरा)म .प्र .**

Email Id-cmo.pachore.mpurban@gmail.com www.nagarparishadpachor.com

क्रमांक/1554/न.प.प./2024 पचोर दिनांक 26/07/2024

**तृतीय निविदा सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद पचोर द्वारा म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 217 नियम के अन्तर्गत अधिरोपित बस स्टैण्ड पर यात्री बसो से अस्थाई दखल शुल्क वसूली एवं संचालन शुल्कः (प्रति बस 40/- रुपये) दिनांक 10 अगस्त 2024 से 31 मार्च 2025 तक तक अवधि के लिये म.प्र. नगर पालिका अधिनियम की धारा 160 के अन्तर्गत प्राईवेट संविदा (ठेके पद्धित) द्वारा वसूली कराये जाने हेतु सील बंद लिफाफे में एक मुश्त संविदा दरे दिनांक 05/08/2024 समय 03.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है. अतः निविदा में भाग लेने हेतु निर्धारित टेण्डर फार्म शुल्क 2,000/- नगद रुप से तथा निर्धारित धरोहर राशि 18,000/-रु. नगद या एफ.डी.आर. द्वारा जमा कर टेण्डर फार्म प्राप्त कर सकते है. निविदा जारी दिनांक से दिनांक 06/08/2024 समय 03.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय की राजस्व शाला में जमा कर निविदा में भाग ले सकते है. प्राप्त निविदाए दिनांक 06/08/2024 को समय 04.00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा उपस्थित निविदादाताओ/प्रतिनिधियो के समक्ष में खोली जावेगी।

| क्रं. | विवरण | अनुमानित आरक्षित मूल्य | टेण्डर फार्म | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगरीय क्षेत्र पचोर में बस स्टैण्ड पर यात्री बसो से वसूली का कार्य बस स्टैण्ड अस्थाई दखल शुल्क एवं अनुबंधित बसों से बस स्टैण्ड अस्थाई दखल शुल्क एवं संचालन शुल्क 40/- प्रति बस वसूली कार्य दिनांक 10/08/2024 से 31/03/2025 तक आठ माह की अवधि के लिये ठेका पद्धित से दिये जाने का कार्य | 9,00,000/- | 2,000/- | 18,000/- |

शर्तेः-

01. निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी एवं शर्ते नगर परिषद पचोर की राजस्व शाखा में अवकाश दिनो को छोड़कर कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

(विकास करोड़िया पिन्टू) अध्यक्ष नगर परिषद पचोर

(रामभरोसा यादव) उपाध्यक्ष नगर परिषद पचोर

(दीपक कुमार रानवे) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पचोर